**फाइल सं. पी-11015/1/2021-पीपीसी**

**भारत सरकार**

**सूचना और प्रसारण मंत्रालय**

**(नीति नियोजन प्रकोष्ठ)**

नई दिल्ली 21 फरवरी, 2022

**विषय: सूचना और प्रसारण मंत्रालय के जनवरी, 2022 माह के महत्वपूर्ण कार्यकलापों पर मंत्रिमंडल हेतु सार (संख्या-1)**

इस मंत्रालय से संबंधित जनवरी 2022 माह के लिए महत्वपूर्ण कार्यकलाप/आयोजन नीचे दिए गए हैं:-

**1. सूचना और प्रसारण मंत्रालय द्वारा नोवेल कोरोनावायरस महामारी (कोविड-19) और कोविड-19 टीकाकरण अभियानों के संबंध में की गई कार्रवाई**

सूचना और प्रसारण मंत्रालय कोविड-19 महामारी के दौरान संचार और जागरूकता पैदा करने में अग्रणी रहा है जिसमें लोगों की भागीदारी के साथ जन आंदोलन जागरूकता पर बल दिया जाता है।

1.1 दूरदर्शन (डीडी), आकाशवाणी (एआईआर) और न्यू मीडिया विंग (एनएमडब्ल्यू) **ने व्यापक रूप से** कोविड-19 से जुड़ी निम्नलिखित प्रमुख घटनाओं को कवर किया:

(i) **कोविड मामलों में नए उछाल से निपटने के** लिए दिनांक 05.01.2022 को भारत के माननीय उपराष्ट्रपति का आह्वान;

(ii) माननीय प्रधानमंत्री का 07.01.2022 को **कोविड टीकाकरण अभियान के 150 करोड़ की उपलब्धि प्राप्त करने पर नागरिकों को बधाई देना एवं 08.01.2022 को 15-18 आयु वर्ग के 2 करोड़ बच्चों** के टीकाकरण की सराहना करना;

(iii) माननीय प्रधान मंत्री द्वारा 09.01.2022 को **ओमिक्रोन वेरिएंट के संबंध में देश में कोविड-19 महामारी की स्थिति की समीक्षा** और 13.01.2022 को **सार्वजनिक स्वास्थ्य तैयारी और राष्ट्रीय कोविड-19 टीकाकरण प्रगति की समीक्षा के लिए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के साथ** उनकी उच्च स्तरीय बैठक; और

(iv) भारत के सफल कोविड टीकाकरण अभियान के तहत युवाओं के एहतियाती खुराक और टीकाकरण के संबंध में 30.01.2022 को ***मन की बात*** के माध्यम से माननीय प्रधानमंत्री का राष्ट्र के नाम संबोधन।

1.2 लोक सेवा प्रसारक प्रसार भारती ने **डीडी न्यूज, आकाशवाणी के समाचार सेवा प्रभाग (एनएसडी)** और उनकी क्षेत्रीय समाचार एककों (आरएनयू) ने ओमिक्रोन मामलों पर भारत सरकार के **उपायों, तैयारियों और अध्यतन** और विशेष प्रोग्रामिंग के माध्यम से समग्र कोरोना वायरस स्थिति के बारे में सूचित करने के लिए विशेष कार्यक्रम चलाए जो कि निम्नलिखित हैं:

(i) डीडी न्यूज के कार्यक्रमों **'डॉक्टर्स स्पीक'**, **'आरोग्य भारत'** और **'टोटल हेल्थ'** में **'ओमिक्रोन: सावधानियां और रोकथाम', 'बढ़ती हुई जीनोम अनुक्रमण', 'बेहतर कोविड-19 नियंत्रण', 'ओमिक्रोन खतरे और जीनोम रणनीति'** आदि पर विशेष बल देते हुए विशेषज्ञों के पैनल के साथ कोविड-19 के सभी पहलुओं को कवर किया और **न्यूज नाइट**, **मिड-डे प्राइम** के विशेष एपिसोड में भी लाइव ग्राउंड रिपोर्टों के साथ सरकार की तैयारियों पर चर्चा की गई। ***'कोरोना जागृति' श्रृंखला*** में 15 घंटे से अधिक की अवधि के 30 लाइव फोन-इन में चिकित्सा संस्थानों के प्रमुखों और शीर्ष डॉक्टरों के साक्षात्कारों को एनएसडी: आकाशवाणी द्वारा प्रसारित किया गया और आकाशवाणी के माध्यम से माननीय प्रधानमंत्री के ***मन की बात संबोधन*** के आगामी एपिसोड के लिए **जमीनी स्तर की कहानियों** को 25.01.2022 से शुरू किया गया है।

(ii) दिशानिर्देश, सांउड बाइट्स, साक्षात्कार, कोरोना पर अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न आदि।

1.3 पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) ने **दैनिक कोविड-19 बुलेटिन जारी किए, प्रेस ब्रीफिंग्स** आयोजित की, **इन्फोग्राफिक्स/वीडियो बाइट्स** प्रकाशित किए और इसकी **कोविड-19 फैक्ट चेक यूनिटों** ने गलत सूचना पर रोक लगाई। पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) और इसके क्षेत्रीय कार्यालयों ने अंग्रेजी, हिंदी और अन्य क्षेत्रीय भाषाओं में **6947 प्रेस विज्ञप्तियां जारी की** और कोविड, आजादी का अमृत महोत्सव, उज्जवला, सक्षम युवा सशक्त युवा आदि पर **10 प्रेस सम्मेलन, वार्तालाप, और 33 वेबीनार आयोजित किए हैं।**

1.4 लोक संपर्क और संचार ब्यूरो (बीओसी) के क्षेत्रीय/फील्ड आउटरीच ब्यूरो (आरओबी/ एफओबी) ने **10 एकीकृत संचार और लोक संपर्क कार्यक्रम (आईसीओपी), 01 वेबिनार** और **01 रेडियो टॉक** का आयोजन किया और **सोशल मीडिया प्लेटफार्मों** के माध्यम से कोविड-19 और कोविड टीकाकरण विषयों पर **जागरूकता अभियान चलाया जो** निम्नानुसार है:

| ट्वीट्स और रीट्वीट की कुल संख्या ('इंप्रेशन' के साथ) | फेसबुक पोस्ट की कुल संख्या | इंस्टाग्राम पोस्ट की कुल संख्या | व्हाट्सएप पर प्रसारित पोस्टरों/संदेशों/वीडियो की कुल संख्या |
|---|---|---|---|
| 62868 (687243) | 17648 | 6709 | 128211 |

बीओसी के आरओबी बेंगलुरु, भुवनेश्वर, चेन्नई, जम्मू और रायपुर ने भी माह के दौरान कोविड-19 टीकाकरण पर **मोबाइल वैन/ ई-रिक्शा के माध्यम से लोक संपर्क अभियान का आयोजन किया।**

2. **आज़ादी का अमृत महोत्सव: भारत की स्वतंत्रता के 75 वर्ष**

आज़ादी का अमृत महोत्सव (एकेएएम) जश्न मनाने के लिए *'जन भागीदारी और जन आंदोलन'* की भावना के तहत पहलों की एक श्रृंखला शुरू की गई।

2.1 डीडी न्यूज और एनएसडी: आकाशवाणी ने **गणतंत्र दिवस 2022 की पूर्व संध्या** पर भारत के माननीय राष्ट्रपति द्वारा **राष्ट्र के नाम संबोधन** और 73वें गणतंत्र दिवस पर माननीय प्रधानमंत्री द्वारा **बधाई; नेताजी को** उनकी 125वीं जयंती पर राष्ट्रपति भवन से माननीय राष्ट्रपति द्वारा श्रद्धांजलि अर्पण और माननीय प्रधानमंत्री द्वारा **इंडिया गेट पर नेताजी की**

**होलोग्राम प्रतिमा का अनावरण;** माननीय प्रधान मंत्री द्वारा राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर **शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि और अमर जवान ज्योति का राष्ट्रीय युद्ध स्मारक की ज्योति के साथ विलयन को** विस्तृत कवरेज और व्यापक प्रचार प्रदान किया।

2.2 **गणतंत्र दिवस 2022 की अभूतपूर्व कवरेज** प्रदान करने के लिए, दूरदर्शन ने राजपथ के चारों ओर **59 कैमरे**, **160+ कर्मियों** और **5 जिमी जिब्स को तैनात किया**, **दो 360 डिग्री कैमरे लगाए और** दूरदर्शन के सभी चैनलों, डीडी न्यूज, यूट्यूब चैनलों और न्यूजऑनएयर ऐप और वेबसाइट पर विशेष लाइव एचडी कवरेज के लिए डार्क फाइबर ऑप्टिकल, सैटेलाइट और बैकपैक कनेक्टिविटी के माध्यम से सभी प्रमुख स्थानों को जोड़ा। दूरदर्शन के यूट्यूब नेटवर्क पर गणतंत्र दिवस कवरेज ने अपने टीवी नेटवर्क की तुलना में क्रमशः **2.6 करोड़** और **2.3 करोड़** व्यूज प्राप्त किए। प्रात: 09:30 बजे से दोपहर तक देशभर में दूरदर्शन के 180+ चैनलों द्वारा कुल **3.2 बिलियन से अधिक टीवी देखने के मिनट दर्ज किए गए।** प्रसार भारती का ट्विटर पर **सेल्फी अभियान** एक हिट बन गया क्योंकि सभी आयु वर्ग के कई गर्वित भारतीयों ने अपनी सेल्फी पोस्ट की, जो दूरदर्शन पर गणतंत्र दिवस देख रहे थे।

2.3 डीडी न्यूज ने विभिन्न क्षेत्रों के सम्मानित और प्रसिद्ध मेहमानों/ विशेषज्ञों, विशेष कार्यक्रम '**स्पेशल वर्ल्ड टुडे: 73वां गणतंत्र दिवस समारोह**', '**डीडी डायलॉग : सेलिब्रेटिंग 73वां भारतीय गणतंत्र दिवस**' आदि के साथ सामान्य विषय के रूप में आजादी का **अमृत महोत्सव के** साथ **भारत के विकास की कहानी को** दर्शाने वाले विशेष पैकेजों की शुरुआत की, एनएसडी: आकाशवाणी ने 25.01.2022 और 26.01.2022 को 73वें **गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों, हाइलाइट्स और झलकियों पर विशेष कार्यक्रम प्रसारित किए।** बाल चित्र समिति, भारत (सीएफएसआई) ने देशभर के विभिन्न गैर सरकारी संगठनों में **246 बच्चों** के लिए कई स्थानों पर बच्चों की फिल्म **'26 जनवरी' के 8 शो दिखाए। एनएमडब्ल्यू ने 73वें गणतंत्र दिवस** समारोह और **बीटिंग द रिट्रीट समारोह** से संबंधित **ग्राफिक्स और वीडियो** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट किए और स्कूली छात्रों के लिए एक **ऑनलाइन पोस्टर-मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया।**

2.4 नेताजी सुभाष चंद्र बोस **की 125वीं जयंती** के समारोह के हिस्से के रूप में, फिल्म प्रभाग ने 23.01.2022 को अपनी वेबसाइट और यूट्यूब चैनल पर फिल्मों की विशेष स्क्रीनिंग का आयोजन किया (**4960** दर्शकों की संख्या) और सीएफएसआई द्वारा विभिन्न गैर सरकारी संगठनों में लगभग 200 बच्चों के लिए कई स्थानों पर इसकी फिल्म के 8 शो भी प्रदर्शित किए। एनएसडी: आकाशवाणी ने 23.01.2022 को विशेष कार्यक्रम '*नेताजी सुभाष चंद्र बोस की पराक्रम गाथा*' - *सुर्खियों में* आकाशवाणी के साथ और '*लाइफ एंड टाइम्स ऑफ नेताजी सुभाषचंद्र बोस*' को *स्पॉटलाइट* में प्रसारित किया। नेताजी अनुसंधान ब्यूरो के सहयोग से प्रकाशन विभाग (डीपीडी) द्वारा प्रकाशित एक नया शीर्षक ***'नेताजी - ए लाइफ इन पिक्चर्स'*** 23.01.2022 को जारी किया गया था। डीपीडी द्वारा '*नेताजी - ए लाइफ इन पिक्चर्स*' और राष्ट्रीय युवा दिवस पर **लघु वीडियो** भी तैयार किए गए और सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए।

2.5 12.01.2022 **को स्वामी विवेकानंद की जयंती** के अवसर पर, फिल्म प्रभाग ने **राष्ट्रीय युवा दिवस** पर अपनी वेबसाइट और यूट्यूब चैनल (**483** दर्शकों की संख्या) पर फिल्मों की विशेष

स्क्रीनिंग का आयोजन किया और डीपीडी ने 10.01.2022 से 13.01.2022 तक अहमदाबाद में एक पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन किया। राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम (एनएफडीसी) ने सीएफएसआई की **फीचर फिल्म *'त्रियात्री'*** को अपने ओटीटी प्लेटफॉर्म www.cinemasofindia.com पर प्रदर्शित किया। बीओसी के आरओबी/ एफओबी ने 'राष्ट्रीय युवा दिवस' विषय पर **19 आईसीओपी, 14 वेबिनार** और **10 फील्ड कार्यक्रम** आयोजित किए। एनएसडी: आकाशवाणी ने 12.01.2022 को *परिक्रमा* में एक विशेष कार्यक्रम *'स्वामी विवेकानंद का जीवन और शिक्षा'* प्रसारित किया।

2.6 सीएफएसआई ने 15.01.2022 को **'भारतीय सेना दिवस' पर 186 बच्चों के लिए कई स्थानों पर** फिल्म प्रभाग की *डॉक्यूमेंट्री फिल्म 'फॉर्मिडेबल फ्रंटियर्स'* के **11 शो** और 24.01.2022 को देशभर के विभिन्न गैर सरकारी संगठनों में **413 बच्चों** के लिए **'राष्ट्रीय बालिका दिवस'** पर *फिल्म 'लाडली'* के **20 शो दिखाए।** एनएसडी: आकाशवाणी ने 24.01.2022 को स्पाट लाइट में *'**राष्ट्रीय बालिका दिवस** – बालिकाओं के अधिकार और अवसर'* पर **विशेष चर्चा** का प्रसारण किया। फिल्म प्रभाग ने 24.01.2022 को **राष्ट्रीय बालिका दिवस** (53 दर्शकों की संख्या), 25.01.2022 को **राष्ट्रीय पर्यटन दिवस (3569** दर्शकों की संख्या), 26.01.2022 को **73वें गणतंत्र दिवस** (**365** दर्शकों की संख्या) और 30.01.2022 को **शहीद दिवस** (**112** दर्शकों की संख्या) पर फिल्मों की विशेष स्क्रीनिंग का भी आयोजन किया।

2.7 जनवरी 2022 के **न्यू इंडिया समाचार (एनआईएस) के पाक्षिक संस्करण** जिसमें कवर स्टोरीज ***'अब तक भारत की उपलब्धियां और भारत शताब्दी वर्ष अर्थात 2047 में कैसा होगा'*** और ***'भारतीय पर्यटन की वृद्धि और संभावनाएं'*** 13 भाषाओं में छपी थीं और बीओसी द्वारा देशभर में वितरित किया गया। माई गॉव इंडिया के ई-संपर्क प्लेटफॉर्म का उपयोग करके ईमेल के माध्यम से एनआईएस के ई-संस्करण 66.1 मिलियन से अधिक पाठकों को भेजे गए थे। डीपीडी द्वारा प्रकाशित पत्रिका **योजना का विशेष अंक जनवरी 2022** ने विज्ञान, अर्थव्यवस्था, आत्मनिर्भरता, विकास और जन और समाज जैसे विभिन्न क्षेत्रों को प्रदर्शित करके आजादी का अमृत महोत्सव मनाया।

2.8 बीओसी पूरे देश में **व्हाट्सएप ग्रुप्स पर इन्फोग्राफिक सीरीज** चला रहा है। माह के दौरान, इस इन्फोग्राफिक सीरीज के माध्यम से **28 गुमनाम नायकों को याद किया गया, जिससे अब तक कुल 142 गुमनाम नायकों को याद किया गया है।** बीओसी के आरओबी/एफओबी ने माह के दौरान विषय पर **56 आईसीओपी**, **05 वेबिनार**, **05 प्रदर्शनियां** और **02 विशेष पहुंच कार्यक्रम (एसओपी) आयोजित किए।**

2.9 **अमृत महोत्सव पाठ्यक्रम के** तहत, भारतीय फिल्म और टेलीविजन संस्थान (एफटीआईआई) ने नागालैंड के 24 प्रतिभागियों के लिए 29.01.2022 को स्मार्टफोन फिल्म निर्माण में 05 दिनों के बुनियादी ऑनलाइन पाठ्यक्रम का समापन किया और 31.01.2022 को 26 प्रतिभागियों के साथ स्क्रीन अभिनय में 10 दिनों के बुनियादी ऑनलाइन पाठ्यक्रम का उद्घाटन किया।

3. **भारत ने पाकिस्तान स्थित फेक न्यूज नेटवर्क को ब्लॉक किया:** सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यवर्ती दिशानिर्देश और डिजिटल मीडिया आचार संहिता) नियम, 2021 के नियम 16 के

तहत जारी पांच अलग-अलग आदेशों के जरिए मंत्रालय ने 35 यूट्यूब आधारित समाचार चैनलों, 2 ट्विटर अकाउंट, 2 इंस्टाग्राम अकाउंट, 1 फेसबुक अकाउंट और 2 वेबसाइट जो पाकिस्तान से संचालित की जा रही थीं और डिजिटल मीडिया पर समन्वित तरीके से भारत विरोधी फर्जी खबरें फैला रही थीं, को अवरुद्ध करने का आदेश दिया। मंत्रालय द्वारा अवरुद्ध किए गए यूट्यूब अकाउंट की कुल ग्राहक संख्या 1 करोड़ 20 लाख से अधिक थी, और उनके वीडियो को 130 करोड़ से अधिक बार देखा गया था।

4. **बार्क द्वारा 'समाचार शैली' के लिए टेलीविज़न ऑडियंस मैनेजमेंट रेटिंग की बहाली:** सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने टेलीविज़न निगरानी एजेंसी ब्रॉडकास्ट ऑडियंस रिसर्च काउंसिल इंडिया (बार्क) को तत्काल प्रभाव से समाचार चैनलों की दर्शक संख्या रेटिंग जारी करने और पिछले तीन महीनों के लिए, मासिक प्रारूप में, संशोधित प्रणाली के साथ समाचार और आला शैलियों की रिपोर्टिंग की आवश्यकता चार सप्ताह की रोलिंग औसत अवधारणा पर किए जाने हेतु डेटा जारी करने के लिए कहा है। टीआरपी समिति की रिपोर्ट और भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) की दिनांक 28.04.2020 की सिफारिश के बाद, बार्क ने अपनी प्रक्रियाओं, प्रोटोकॉल, निरीक्षण तंत्र में संशोधन किया है और शासन संरचना में बदलाव शुरू किया है। स्वतंत्र सदस्यों को शामिल करने की अनुमति देने के लिए बोर्ड और तकनीकी समिति का पुनर्गठन भी बार्क द्वारा शुरू किया गया है। टीआरपी सेवाओं के उपयोग के लिए रिटर्न पाथ डेटा (आरपीडी) क्षमताओं का लाभ उठाने के विचार के लिए मंत्रालय ने सीईओ प्रसार भारती की अध्यक्षता में एक 'कार्य समूह' भी स्थापित किया है। समिति चार महीने में अपनी रिपोर्ट देगी।

5. डीडी न्यूज ने विशेष कार्यक्रमों **'बजट 2022: आत्मनिर्भर बनता भारत' के साथ देश की पूर्व-बजट अपेक्षाओं को व्यापक रूप से कवर किया,** जिसमें विभिन्न क्षेत्रों की अपेक्षाओं **'संसद के समक्ष मुद्दे',** प्राइम टाइम शो में बजट से संबंधित मुद्दे, विशेषज्ञ अर्थशास्त्री के साथ **आर्थिक सर्वेक्षण** पर चर्चा आदि को शामिल किया गया। डीडी इंडिया ने केंद्रीय बजट 2022 के लिए **पूर्व-बजट कार्यक्रमों की एक विशेष सीरीज शुरू की**, जहां निम्नलिखित अतिथि आधारित चर्चा और बहु-खंड विश्लेषण प्रसारित किए गए:
   i. **बजट पूर्व 2022: अर्थव्यवस्था और वित्तीय सहायता**
   ii. **बजट पूर्व 2022: सभी क्षेत्रों में अपेक्षाएं**
   iii. **डीडी डायलॉग - केंद्रीय बजट 2022 उम्मीदें**
   iv. **बातचीत में, चंद्रजीत बनर्जी, महानिदेशक, सीआईआई**

6. डीडी न्यूज ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्रियों की भागीदारी से लखनऊ में आयोजित दो दिवसीय **डीडी न्यूज कॉन्क्लेव 'कितना बदला यूपी'** प्राइम टाइम इवनिंग स्लॉट में विशेष श्रृंखला **'जनादेश'**, विशेष शो जनता की राय पर **'क्या बोले यूपी?',** विशेष एक घंटे का मिड डे प्राइम टाइम शो **'इस वक्त',** शाम का शो '**दो टूक',** चर्चा शो '**न्यूज नाइट**' और '**चुनावी गपशप'** आदि जैसी पहल के माध्यम से **चुनावी राज्यों से संबंधित सभी कार्यकलापों** का प्रसारण किया।

7. डीडी न्यूज और एनएसडी: आकाशवाणी ने भारत के माननीय राष्ट्रपति और माननीय उप राष्ट्रपति द्वारा **बजट सत्र से पहले संसद के संयुक्त सत्र में संबोधनों** का लाइव कवरेज और

व्यापक प्रचार किया; माननीय प्रधान मंत्री द्वारा पुदुचेरी में **25वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव का** उद्घाटन, **प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि** की 10वीं किस्त का **विमोचन,** मेरठ में **मेजर ध्यानचंद खेल विश्वविद्यालय** की आधारशिला रखना, **अगरतला** में **महाराजा बीर बिक्रम हवाई अड्डे** के नए एकीकृत टर्मिनल भवन का उद्घाटन और कई प्रमुख पहलें और मॉरीशस के माननीय प्रधान मंत्री के साथ **मॉरीशस में सामाजिक आवास यूनिटों** की परियोजना का संयुक्त उद्घाटन; प्रमुख सरकारी योजनाओं के कार्यान्वयन **स्टार्टअप्स** पर **विभिन्न जिलों के डीएम के साथ और** वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उनकी बातचीत; **विश्व आर्थिक मंच के दावोस एजेंडा में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से** उनका विशेष संबोधन, **'आजादी के अमृत महोत्सव से स्वर्णिम भारत की ओर'** के शुभारंभ समारोह में मुख्य भाषण और **मणिपुर के 50वें राज्य स्थापना दिवस** के अवसर पर संबोधन; **प्रथम भारत-मध्य एशिया शिखर सम्मेलन** में उनकी भागीदारी और शहीदी दिवस पर **महात्मा गांधी** को श्रद्धांजलि। डीडी न्यूज ने वृत्तचित्रों की एक विशेष श्रृंखला **'द अमेजिंग नॉर्थ ईस्ट डायरीज'** और एक विशेष कार्यक्रम **'नमस्ते शालोम: भारत-इजराइल 30 साल के कूटनीतिज्ञ संबंध'** का प्रसारण किया, जिसमें भारत और इजरायल के माननीय प्रधान मंत्री के संदेश शामिल थे। **एनएसडी आकाशवाणी ने दिनांक 03.01.2022 से छह आस पड़ोस की भाषाओं** दारी, पश्तो, बलूची, मंदारिन चीनी, नेपाली और तिब्बती के प्रसारण समय को 1-1.5 घंटे से बढ़ाकर 3 घंटे कर दिया।

8. **न्यूनतम सरकार अधिकतम शासन पर सूचना एवं प्रसारण की पहल -**

- मंत्रालय ने **"मीडिया9 डिजिटल मीडिया संघ" को समाचार और समसामयिक सामग्री के प्रकाशकों के लिए स्तर-II स्व-विनियमन निकाय** के रूप में, **सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यवर्ती दिशानिर्देश और डिजिटल मीडिया आचार संहिता) नियम, 2021** के नियम 12 के अनुसार पांचवे स्व-विनियमन निकाय के पंजीकरण के लिए मंजूरी दी है।

- **आकाशवाणी एआईआर एफएम सेवाओं की स्थानीय प्रोग्रामिंग:** उत्तर क्षेत्र में ऑल इंडिया रेडियो (एआईआर) के प्रसारण संचालन को सुव्यवस्थित करने और प्रयागराज, वाराणसी, रोहतक, जयपुर, जोधपुर और उदयपुर के एआईआर केंद्रों पर स्थानीय/ क्षेत्रीय प्रोग्रामिंग के लिए उचित स्थान सुनिश्चित करने के लिए आकाशवाणी ने केंद्रों को निर्देश दिया है कि वे केंद्र से शुरू होने वाले प्राथमिक चैनल को लेकर आए, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि विशेष शहर/ नगर/ क्षेत्र से संबंधित स्थानीय सामग्री भी एफएम पर उपलब्ध हो। कुछ हाल के झूठी मीडिया रिपोर्टों के आलोक में, प्रसार भारती ने स्पष्ट किया है कि ऐसे सभी केंद्रों में एफएम पर स्थानीय प्रोग्रामिंग सुनिश्चित की जाएगी।

- अंतिम चरण यानी **बंगबंधु (बांग्ला)** की फिल्म की शूटिंग का चौथा शेड्यूल फिल्म सिटी, मुंबई, भारत में माह के दौरान सफलतापूर्वक पूरा किया गया। पोस्ट-प्रोडक्शन का काम एक साथ किया जा रहा है और एनएफडीसी का लक्ष्य मार्च 2022 तक फिल्म को पूरा करने का है। फिल्म के संयुक्त निर्माण की घोषणा पहले भारत और बांग्लादेश के माननीय प्रधानमंत्रियों द्वारा की गई थी।

- सूचना और प्रसारण मंत्रालय और इसकी मीडिया यूनिटों/ संगठनों ने 16 से 31 जनवरी, 2022 तक **'स्वच्छता पखवाड़ा'** मनाया, जिसमें स्वच्छता शपथ, विशेष स्वच्छता/ सफाई/ फॉगिंग/

वृक्षारोपण अभियान, फिल्मों की स्क्रीनिंग, वेबिनार/ कार्यशालाएं/ व्याख्यान आदि जैसी कई कार्यकलाप शामिल थे और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर बड़े पैमाने पर साझा किए गए।

- **चैनल लाइसेंसिंग:** सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने माह के दौरान 02 गैर-समाचार टीवी चैनलों के संबंध में अनुमति जारी की है और 04 समाचार और 09 गैर-समाचार और समसामयिक टीवी चैनलों को रद्द/ बंद कर दिया है। भारत में अप-लिंकिंग और डाउनलिंकिंग के लिए प्राइवेट उपग्रह टीवी चैनलों की **दिनांक 31.01.2022 तक कुल संख्या 896** है।

- **सामुदायिक रेडियो स्टेशन (सीआरएस):**
  - मंत्रालय ने माह के दौरान **नौ (09) नए मंजूरी अनुदान करार (जीओपीए) पर हस्ताक्षर किए हैं** और **चार (04) जीओपीए का नवीनीकरण किया** है।
  - "भारत में सामुदायिक रेडियो अभियान की सहायता" योजना के तहत ऑनलाइन मोड के माध्यम से **दो जागरूकता/ क्षमता निर्माण कार्यशालाएं आयोजित की गई हैं।**

- **भारत के समाचार पत्रों के पंजीयक (आरएनआई):** माह के दौरान **377** शीर्षक सत्यापन पत्र और **154** पंजीकरण प्रमाण पत्र (नए और संशोधित) जारी किए गए।

- **भारतीय प्रेस परिषद (पीसीआई):** माह के दौरान **109 शिकायतों** (धारा 13 के तहत 25 और धारा 14 के तहत 84) पर कार्रवाई की गई और **2 प्रेस विज्ञप्तियां** जारी की गईं।

- **सोशल मीडिया कवरेज:** सूचना और प्रसारण मंत्रालय के सोशल मीडिया हैंडल ने महीने के दौरान **200 से अधिक इन्फोग्राफिक्स, जीआईएफ, वीडियो, रील** आदि साझा करके विभिन्न विषयों को व्यापक कवरेज और प्रचार प्रदान किया।

**आज़ादी का अमृत महोत्सव** को समर्पित अभियानों जैसे कि 73वां गणतंत्र दिवस समारोह, बीटिंग द रिट्रीट समारोह, प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार, 2022 पद्म पुरस्कार विजेता, आदि के लिए इन्फोग्राफिक्स, रील और वीडियो सामग्री के माध्यम से हाइलाइट किया गया था।

**नीतियों, प्रमुख स्कीमों, पहलें** आदि के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए एवी सामग्री भी बनाई गई है: *रेलवे भर्ती बोर्ड एनटीपीसी परीक्षा मुद्दा, एआईएस नियम परिवर्तन, कोविड -19 प्रबंधन और टीकाकरण अभियान आदि।* **कैबिनेट के फैसलों** पर आधारित वीडियो भी अंग्रेजी और हिंदी में बनाए जाते हैं और क्षेत्रीय भाषाओं में अनुवाद किए जाते हैं।

कोविड-19 पर रचनात्मक वीडियो/ इन्फोग्राफिक्स (लगभग **438 ट्वीट्स**) के माध्यम से कोविड -19 संदेश, कोविड उपयुक्त व्यवहार, तैयारियों और प्रबंधन पर ध्यान केंद्रित करते हुए और नए संस्करण ओमिक्रोन को भी **समर्पित ट्विटर हैंडल @COVIDNewsByMIB के माध्यम से साझा किया गया है।**



(विक्रम सहाय)

**संयुक्त सचिव, भारत सरकार**

**दूरभाष: 23073775**